विद्या सवार्थ साधिका

# आनंदालय
## वार्षिक परीक्षा
## कक्षा : ग्यारहवीं

विषय : हिंदी (302) | अधिकतम अंक : 80

दिनांक : 14-03-2024 | निर्धारित समय : 3 घंटा

सामान्य निर्देश :-

1) प्रश्न पत्र में दो खण्ड हैं, 'अ' और 'ब' ।
2) खंड **'अ'** में कुल 6 बहुविकल्पीय प्रश्न (40 उप प्रश्नों सहित) हैं ।
3) खंड 'ब' में 9 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों के उचित आतंरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।
4) दिए गए निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
5) दोनों खंडों में कुल 15 प्रश्न दिए गए है ।
6) यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नोत्तर क्रमश: लिखिए ।
7) वस्तुपरक प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है ।

<u>खंड - 'अ'</u> (बहुविकल्पीय)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :- (10x1=10)

मेरे मकान के आगे चौराहे पर ढाबे के आगे फुटपाथ पर खाना खाने वाले लोग बैठते हैं - रिक्शेवाले, मजदूर, फेरीवाले, कबाड़ी वाले । आना-जाना लगा ही रहता है । लोग कहते हैं - "आपको बुरा नहीं लगता ? लोग सड़क पर गंदगी फैला रहे हैं और आप इन्हें बरदाश्त कर रहे हैं? इनके कारण पूरे मोहल्ले की आबोहवा खराब हो रही है ।" मैं उनकी बातों को हल्के में ही लेता हूँ । मुझे पता है कि यहाँ जो लोग जुटते हैं वे गरीब लोग होते हैं ।अपने काम-धाम के बीच रोटी खाने चले आते हैं और खाकर चले जाते हैं । ये आमतौर पर बिहार से आए गरीब ईमानदार लोग हैं जो हमारे इस परिसर के स्थायी सदस्य हो गए हैं । ये उन अशिष्ट अमीरों से भिन्न हैं जो साधारण-सी बात पर भी हंगामा खड़ा कर देते हैं । लोगों के पास पैसा तो आ गया पर धनी होने का गौरव नहीं आया । 'अधजल गगरी छलकत जाए' की तर्ज पर इनमें दिखावे की भावना उबाल खाती है । असल में यह ढाबा हमें भी अपने माहौल से जोड़ता है । मैं लेखक हूँ तो क्या हुआ? गाँव के एक सामान्य घर से आया हुआ व्यक्ति हूँ । बचपन में गाँव-घरों की गरीबी देखी है और भोगी भी है । खेतों की मिट्टी में रमा हूँ, वह मुझमें रमी है । आज भी उस मिट्टी को झाड़झूड़ कर भले ही शहरी बनने की कोशिश करता हूँ, बन नहीं पाता । वह मिट्टी बाहर से चाहे न दिखाई दे, अपनी महक और रसमयता से वह मेरे भीतर बसी हुई है । इसीलिए मुझे मिट्टी से जुड़े ये तमाम लोग भाते हैं । इनकी दुनिया में कहा-सुनी होती है, हाथापाई भी हो जाती है लेकिन कोई किसी के प्रति गाँठ नहीं बाँधता । दूसरे-तीसरे ही दिन परस्पर हँसते-बतियाते और एक-दूसरे के दुःख-दर्द में शामिल होते दिखाई पड़ते हैं । ये सभी कभी-न-कभी एक-दूसरे से लड़ चुके हैं लेकिन कभी प्रतीत नहीं होता कि ये लड़ चुके हैं । कल के गुस्से को अगले दिन धूल की तरह झाड़कर फेंक देते हैं।

(i) "इस दुनिया में कहा-सुनी होती है" - 'इस दुनिया' का संकेत है -
(क) गाँव से शहर आ बसे गरीब (ख) शहर से गाँव आ बसे मजदूरों की दुनिया
(ग) लेखक को उकसाने वाला पड़ोस (घ) अमीर किंतु अशिष्ट लोग

(ii) प्रस्तुत गद्यांश साहित्य की किस विधा के अंतर्गत आएगा ?
(क) कहानी (ख) जीवनी (ग) संस्मरण (घ) रेखाचित्र

(iii) साधारण बात पर भी हंगामा कौन खड़ा कर देते हैं?
(क) लेखक के परिचित लोग (ख) अशिष्ट रेहड़ी-पटरी वाले
(ग) गाँव से आए गरीब मजदूर (घ) अमीर किन्तु असभ्य लोग

(iv) लेखक लोगों की शिकायतों को हल्के में लेता है, क्योंकि :
(क) शिकायत करना लोगों की आदत होती है
(ख) वह किसी बात को गंभीरता से नहीं लेता
(ग) लेखक उन्हें जानता-पहचानता है
(घ) जुटने वाले लोग गरीब और ईमानदार हैं

(v) लेखक से लोग क्यों पूछते हैं कि क्या आपको बुरा नहीं लगता?
(क) वे लोग सड़क पर गंदगी फैला रहे हैं । (ख) वे लेखक से रुष्ट रहते हैं ।
(ग) गरीबों से मेल-जोल पसंद नहीं । (घ) वे गंदे लोग हैं ।

(vi) चौराहे पर ढाबे के आगे फुटपाथ पर खाना खाने वाले लोग बैठते हैं-
(क) रिक्शेवाले, अमीर लोग , फेरीवाले, वाले।
(ख) रिक्शेवाले, मजदूर, पुजारी, कबाड़ी वाले।
(ग) रिक्शेवाले, मजदूर, चोर, कबाड़ी वाले।
(घ) रिक्शेवाले, मजदूर, फेरीवाले, कबाड़ी वाले।

(vii) सड़क पर गंदगी फैला रहे हैं -
(क) लोग (ख) आदमी (ग) अमीर (घ) गंदे लड़के

(viii) आमतौर पर कहाँ से आए गरीब ईमानदार लोग हैं-
(क) गुजरात के लोग (ख) उत्तर प्रदेश के लोग
(ग)बिहार के लोग (घ) हिमाचल के लोग

(ix) उन अशिष्ट ................से भिन्न हैं जो साधारण-सी बात पर भी हंगामा खड़ा कर देते हैं । -
(क) गरीबों (ख) कबाडियों (ग) अमीरों (घ) रिक्शावालों

(x) 'आबोहवा' का शाब्दिक अर्थ है -
(क) किसी स्थान का खनिज और पानी (ख) किसी स्थान का हवा और लौह
(ग)किसी स्थान का हवा और लोग (घ) किसी स्थान का हवा और पानी

2. दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए - (1x5=5)

आज जीत की रात
पहरुए, सावधान रहना।
खुले देश के द्वार
अभी शेष है पूरी होना
जीवन मुक्ता डोर
क्योंकि नहीं मिट पाई दुख की
आगे कठिन डगर है।
शत्रु हट गया, लेकिन उसकी
छायाओं का डर है,

| | | |
|---|---|---|
| अचल दीपक समान रहना | विगत साँवली कोर | शोषण से मृत है समाज , |
| प्रथम चरण है नये स्वर्ग का | ले युग की पतवार | कमज़ोर हमारा घर है। |
| है मंजिल का छोर | बने अंबुधि समान रहना | किंतु आ रही नई जिंदगी |
| इस जन-मंथन से उठ आई | पहरुए, सावधान रहना | किंतु आ रही नई जिंदगी |
| पहली रतन हिलोर | ऊँची हुई मशाल हमारी | |

(i) कविता देश की कौन-सी सुखद घटना की ओर संकेत करती है ?
(क) युद्ध में जीत (ख) 15 अगस्त की सुखद घटना
(ग) गणतंत्र दिवस की सुखद घटना (घ) युद्ध में हार

(ii) 'पहरुए' का 'दीपक' और 'अंबुधि' के समान बने रहने को क्यों कहा गया है ?
(क) क्योंकि दीपक ही प्रकाश देता है और अपनी गहराई से सबको प्रेरणा देता है ।
(ख)दीपक और सागर के समान परोपकारी बनने की प्रेरणा
(ग)दीपक और सागर के समान अटल बनने की प्रेरणा
(घ) दीपक और सागर की तरह महान बनने की प्रेरणा

(iii) शोषण से मृत है समाज कमज़ोर हमारा घर है - पंक्ति का अर्थ क्या है ?
(क) देश की हालत खस्ता है।
(ख) देश की आर्थिक स्थिति दयनीय है।
(ग) देश की सामाजिक स्थिति ठीक नहीं है।
(घ) देश की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था कमजोर है।

(iv) 'ले युग की पतवार बने अंबुधि समान रहना' पंक्ति में अलंकार है?
(क) उत्प्रेक्षा (ख) रूपक (ग) उपमा (घ) मानवीकरण

(v) 'पहरुए' पर्याय है -
(क) देश का सिपाही (ख) पुलिस में (ग) सी.आर.पी.एफ. (घ) होमगार्ड

3. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए- (5x1=5)

(i) धरती और देवलोक के बीच संवाद-सेतु कौन थे ?
(क) वायुदेव (ख) अग्निदेव (ग) नारद (घ) इंद्र

(ii) एक पत्रकार समाचार के रूप में पेश करता है-
(क) कल्पना को (ख) यथार्थ को (ग) भावनाओं को (घ) झूठे अतीत को

(iii) पत्रकारिता एक तरह से कौन-सा लेखन है?
(क) दैनिक इतिहास लेखन (ख) पुरातन समाचार लेखन
(ग) पौराणिक प्रसंग लेखन (घ) साप्ताहिक कथा लेखन

(iv) पटकथा की मूल इकाई क्या होती है?
(क) कहानी (ख) परदा (ग) दृश्य (घ) घटना

(v) शब्दकोश में निम्न में से सर्वप्रथम आने वाला शब्द है -
(क) कमी (ख) कमल (ग) कमान (घ) कर

4. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए - (5x1=5)

| | |
|---|---|
| सबसे खतरनाक होता है | सबसे खतरनाक वह आँख होती है |
| मुर्दा शांति से भर जाना | जो सब कुछ देखती हुई भी ज़मी बर्फ होती है |
| न होना तड़प का सब सहन कर जाना | जिसकी नजर दुनिया को मुहब्बत से चूमना भूल जाती है |
| घर से निकल कर काम पर | जो चीजों से उठती अंधेपन की भाप पर ढुलक जाती है |
| और काम से लौट कर घर आना | जो रोज़मर्रा के क्रम को पीती हुई |
| सबसे खतरनाक होता है | एक लक्ष्यहीन दुहराव के उलटफेर में खो जाती है |
| हमारे सपनों का मर जाना | सबसे खतरनाक वह चाँद होता है |
| सबसे खतरनाक वह घड़ी होती है | जो हर हत्या काण्ड के बाद |
| आपकी कलाई पर चलती हुई भी जो | वीरान हुए आँगनों में चढ़ता है |
| आपकी निगाह में रुकी होती है | पर आपकी आँखों को मिर्चों की तरह नहीं गड़ता है |

(i) अपने सपनों का मर जाना कैसा होता है ?
(क) भयानक (ख) भयंकर (ग) सबसे बुरा (घ) अच्छा

(ii) 'मुर्दा शांति से भर जाना' क्या होता है-
(क) सबसे आसान (ख) सबसे कठिन (ग) सबसे खतरनाक (घ) सबसे श्रेष्ठ

(iii) कवि ने 'जमी बर्फ' किसे कहा है-
(क) आँख को (ख) अहसास को (ग) मुहब्बत (घ) नफ़रत को

(iv) सबसे खतरनाक होती है-
(क) मेहनत की लूट (ख) मेहनत की रोटी (ग) मेहनत की कमाई (घ) मेहनत का भय

(v) 'सब से खतरनाक' नामक कविता के रचयिता हैं -
(क) रामनरेश त्रिपाठी (ख) दुष्यंत कुमार (ग) अवतार सिंह पाश (घ) त्रिलोचन

5. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए - (5x1=5)

पंडित अलोपीदीन का लक्ष्मीजी पर अखंड विश्वास था। वह कहा करते थे कि संसार का तो कहना ही क्या, स्वर्ग में भी लक्ष्मी का ही राज्य है। उनका यह कहना यथार्थ ही था। न्याय और नीति सब लक्ष्मी जी के खिलौने हैं, इन्हें वह जैसे चाहती है, नचाती है। लेटे ही लेटे गर्व से बोले - चलो, हम आते हैं। यह कह कर पंडिजी ने बड़ी निश्चिंतता से पान के बीड़े लगाकर खाए फिर लिहाफ ओढ़े हुए दरोगा के पास - बाबूजी, आशीर्वाद ! कहिए, हमसे ऐसा कौन-सा अपराध हुआ कि गाड़ियाँ रोक दी गईं । हम ब्राह्मणों पर तो आपकी कृपा-दृष्टि रहनी चाहिए ।
वंशीधर रुखाई से बोले सरकारी हुक्म !

पंडित अलोपीदीन ने हँसकर कहा हम सरकारी हुक्म को नहीं जानते और न सरकार को । हमारे सरकार तो आप ही हैं । हमारा और आपका तो घर का मामला है, हम कभी आप से बाहर हो सकते हैं ? आपने व्यर्थ का कष्ट उठाया । यह हो नहीं सकता कि इधर से जाएँ और इस घाट के देवता को भेंट न चढ़ावें । मैं तो आपकी सेवा में स्वयं ही आ रहा था । वंशीधर पर ऐश्वर्य की

मोहिनी का कुछ प्रभाव न पड़ा । ईमानदारी की नई उमंग थी । कड़ककर बोले- हम उन नमक हरामों में से नहीं हैं जो कौड़ियों पर अपना ईमान बेचते फिरते हैं । आप इस समय हिरासत में हैं । आपका कायदे के अनुसार चालान होगा । बस, मुझे अधिक बातों की फुरसत नहीं है । जमादार बदलू सिंह ! तुम इन्हें हिरासत में ले चलो, मैं हुक्म देता हूँ ।

(i) पंडित अलोपिदीन के अनुसार न्याय और नीति किसके खिलौने हैं ?
(क) भगवान शिव (ख) लक्ष्मी जी (ग) ब्रहमा जी (घ) विष्णु जी

(ii) दरोगा वंशीधर के पास जाने पूर्व पंडित अलोपिदीन ने क्या किया ?
(क) उन्होंने पान खाया (ख) उन्होंने एक झपकी ली
(ग) उन्होंने एक कुएँ से पानी पिया (घ) उन्होंने ध्यान किया

(iii) ऐश्वर्य की मोहिनी का कुछ प्रभाव न पड़ा-
(क) अलोपिदीन पर (ख) मुंशीजी पर (ग) वंशीधर पर (घ) बदलू सिंह पर

(iv) वंशीधर ने किससे कहा - तुम इन्हें हिरासत में ले चलो | -
(क) जमादार मंगरू सिंह को (ख) जमादार अवतार सिंह को
(ग)जमादार बदलू सिंह (घ) जमादार सदलू सिंह को

(v) गद्यांश के कहानीकार हैं -
(क) मुंशी बंशीधर (ख) मुंशी बदलू सिंह (ग) मुंशी अरित राय (घ) मुंशी प्रेमचंद

6. निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए - (10x1=10)

(i) श्री विलायत खाँ किस संगीत में दक्षता पा चुके थे ?
(क) हारमोनियम में (ख) सितारवादन में (ग) बाँसुरीवादन में (घ) तबलावादन में

(ii) लेखक के अनुसार लता जैसा कलाकार कितने समय पश्चात् पैदा होते हैं ?
(क) दस वर्ष बाद (ख) चालीस वर्ष बाद (ग) पचास वर्ष बाद (घ) सदियों बाद

(iii) लता से पूर्व किस प्रसिद्ध गायिका का जमाना था?
(क) अनुराधा पोंडवाल (ख) नूरजहाँ
(ग) उषा मंगेशकर (घ) आशा भोंसले

(iv) इनमें से लता के गाने की प्रमुख विशेषता है -
(क) नादमय उच्चारण (ख) उच्चारण (ग) आचरण (घ) ताल

(v) राजस्थान में कुओं के पानी का स्वाद कैसा होता है -
(क) मीठा (ख) कड़वा (ग) खारा (घ) कसौला

(vi) कुईं का व्यास छोटा क्यों रखा जाता है -
(क) ताकि कम मात्रा का पानी ज्यादा फैले नहीं (ख) ऊपर आसानी से निकाला जा सके
(ग) पानी भाप बनकर उड़े नही (घ) उपरोक्त सभी

(vii) कुईं की खुदाई करने वाले लोगों को क्या कहा जाता है -
(क) चेरो (ख) चेवांजी (ग) वांजी (घ) चेलवांजी

(viii) विरासत के प्रति हमें उत्साह और विश्वास से कौन भर देती है ?

(क) भारत की विशिष्ट कलाएँ (ख) भारत की विशिष्ट संस्कृति

(ग) भारत की विशिष्ट चित्रकारी (घ) भारत की विशिष्ट भाषाएँ

(ix) ऐलोरा का कैलाशनाथ मंदिर किसने बनवाया ?

(क) राष्ट्रकूट राजा कृष्ण प्रथम (ख) नरसिंहवर्मन द्‌वितीय

(ग) राष्ट्रकूट राजा कृष्ण द्‌वितीय (घ) इनमें से कोई नहीं

(x) त्योहारों व उत्सवों से किसे अलग नहीं किया जा सकता?

(क) संस्कृति (ख) लोक (ग) कलाएँ (घ) खेती-बाड़ी

**खंड- 'ब ' (वर्णनात्मक)**

7. निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेखन कीजिए**-** (5x1=5)

I. डमी स्कूलों की ओर अभिभावकों का झुकाव क्यों ?

II. परीक्षा तनाव के कारण व इसे रोकने के उपाय

III. उच्च शिक्षा हेतु विद्‌यार्थियों का विदेशों की ओर पलायन क्यों ?

8. 'अमर उजाला' दैनिक समाचार पत्र वाराणसी, उत्तर प्रदेश के संपादक को 120 शब्दों में पत्र लिखिए जिसमें वाराणसी में बढ़ती हुई अपहरणवृत्ति की ओर पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया हो । (5x1=5)

**अथवा**

आणंद पुलिस आयुक्त को लाउडस्पीकरों का अनुचित प्रयोग करने से रोकने के लिए तर्क देते हुए 120 शब्दों में पत्र लिखिए ।

9. निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में निर्देशानुसार लिखिए - (2x2=4)

**(i)** आज आपने पहली बार नाटक में भाग लिया। (डायरी लेखन कीजिए)

**(ii)** कथा-पटकथा में अंतर सोदाहरण स्पस्ट कीजिए ।

**(iii)** आज मुझे पता चला कि मुझे सर्वोत्तम अंक मिले हैं । (डायरी लेखन कीजिए)

10. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किसी एक प्रश्न के उत्तर लगभग 20-30 शब्दों में दीजिए- (2x1=2)

(i) नीचे दिए गए शब्दों को शब्दकोशीय क्रम में लिखिए-

परीक्षण, परिक्रमण, परिक्रम, विश्वामित्र, हिमाश्रया, हृदयंगम, ग्वालिन, घंटा, योगांत, घटक, इच्छित, इक्षु, अंतः, अंत, अकंपित, उदाहरण, उद्‌योग, जिज्ञासु ।

(ii) एक अच्छे स्ववृत्त में क्या-क्या विशेषताएँ होती है **?**

11. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :- (2x2=4)

(i) आओ, मिलकर बचाएँ' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए ।

(ii) 'साये में धूप' गज़ल का उद्देश्य लिखिए ।

(iii) 'हम तो एक एक करि जाना'- पद का आशय स्पष्ट कीजिए ।

12. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए - (3x2=6)

(i) विवाह और पति के प्रति चंपा की क्या धारणा है ?

(ii) 'मेरे तो गिरधर गोयाल'-पद का भाव स्पष्ट करें ।

(iii) 'केवल स्त्रियों को ही घर का मोह नहीं सताता'-'घर की याद' कविता के आधार पर सिद्ध कीजिए।

13. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए - (2x2=4)

(i) 'धनवान रमेश ने मोहन का भविष्य बनाया नहीं बिगाड़ा था' कैसे ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

(ii) अमित और उसकी भाँति अनेक विद्यार्थियों ने परेशान होकर भी आवाज़ क्यों नहीं उठाई ? 'रजनी' पाठ के आधार पर तर्क सहित उत्तर लिखिए ।

(iii) 'जामुन का पेड़' सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण दबे हुए आदमी की उपेक्षा करता है । इस कथन के पक्ष अथवा विपक्ष में तर्क दीजिए ।

(iv) लेखक ने कर्जन को समझाने के लिए किन लोक प्रचलित लघु कथाओं और गीतों का उदाहरण दिया है ? 'विदाई संभाषण' पाठ के आधार पर स्पस्ट कीजिए ।

14. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए :- (3x2=6)

(i) मियाँ नसीरुद्दीन के चरित्र पर अपनी टिप्पणी कीजिए ।

(ii) लेखक को धोबी के कारण क्या परेशानी होती थी ?

(iii) नेहरू जी किसानों से क्या प्रश्न पूछ रहे थे और क्यों ?

15. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए :- (2x2=4)

(i) 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ : लता मंगेशकर' गाने के लिए किन तत्वों को आवश्यक माना गया है ?

(ii) राजस्थान में कुईं क्यों बनाई जाती हैं ? कुईं से जल लेने की प्रक्रिया बताइए।

(iii) भारतीय कलाओं के बारे में संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए ।